पीएम आवास में बड़ा फर्जीवाड़ा : अपात्रों को मिला आवास का लाभ

जिले में 12 लाभार्थियों को मिला दोहरा लाभ, जबकि पात्र परिवार आज भी आवास के लिए भटक रहे, प्रदेश में दोहरे लाभ के 708 मामले उजागर

मोहम्मद इसहाक मदनी

मुकुन्दपुर 13 जून, प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले गरीब परिवारों को पक्का आशियाना उपलब्ध कराना है, लेकिन मध्यप्रदेश में इस महत्वाकांक्षी योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है।

सरकारी रिकॉर्ड बताते हैं कि प्रदेश के 708 हितग्राही ऐसे हैं जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) दोनों का लाभ मिल गया। यानी एक ही व्यक्ति को दो-दो आवास स्वीकृत कर दिए गए। इनमें सतना जिले के 12 मामले भी शामिल हैं, जहां लाभार्थियों ने शहर और गांव दोनों जगह मकान बनवा लिए और दोनों योजनाओं की पूरी राशि भी प्राप्त कर ली। यह खुलासा तब हुआ है जब जिले में हर सप्ताह जनसुनवाई में ऐसे पात्र परिवार पहुंच रहे हैं जो वर्षों से पीएम आवास की पात्रता होने के बावजूद योजना के लाभ से वंचित हैं। एक तरफ गरीब परिवार आवास के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सरकारी सिस्टम कुछ लोगों को दो-दो मकानों का लाभ देता रहा।

मामला नंबर-1 सतना नगर निगम के नजीराबाद के बार्ड नंबर 38 सीरियल क्रमांक 266 और 393 एक व्यक्ति को जो अपात्र सम्पन्न है उसे हेरा फेरी कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया जिसकी जानकारी होने पर एक शासन प्रशासन शुभचिन्तक के द्वारा दिनांक 4 मार्च 2025 को आरटीआई लगाई गयी किन्तु जानकारी नही दी गयी तब अपीलीय अधिकारी के पास

अपील की गयी जिसकी अपील क्रमांक -A-382/12.03.2025 पर दिनांक 20 अप्रैल 2025को कार्यपालन यंत्री पीएम आवास नगर पालिक निगम सतना को जानकारी उपलब्ध कराये जाने का आदेश दिया गया किन्तु जानकारी नही दी गयी ।जिस पर आवेदन कर्ता ने पुन: प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश का हवाला देते हुए दिनांक 5 फरवरी 2026को लोक सूचना अधिकारी नगरपालिक निगम सतना को पत्राचार कर जानकारी चाही किन्तु जानकारी नही दी गयी ।जिसकी द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग के पास की गयी है जो मामला लम्बित है ।आरटीआई आवेदक का कहना है कि इस मामले का पर्दाफास करने और भ्रष्टाचार पर विराम लगाने के लिए ईओडब्लू और लोकायुक्त के पास शिकायत दर्ज कराई जायेगी।

मामला नंबर-2- नागौद के अमिलिया में दोहरी स्वीकृति जनपद पंचायत नागौद की ग्राम पंचायत अमिलिया निवासी अमृतलाल साहू का नाम सूची में शामिल है। इन्हें पीएम आवास शहरी योजना के तहत 27 दिसंबर 2017 को आवास स्वीकृत हुआ था। इनका बेनीफिशियरी कोड 238021700816400340 है। इसके बाद इन्हें पीएम आवास ग्रामीण योजना में भी शामिल कर लिया गया और 4 जनवरी 2022 को PMAY-G आईडी MP 5101155 के तहत आवास स्वीकृत कर दिया गया। रिकॉर्ड के अनुसार दोनों मकानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और दोनों योजनाओं की राशि जारी की जा चुकी है।

मामला नंबर-3: रामपुर बाघेलान में भी वही खेल जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान की ग्राम पंचायत सगौनी निवासी शेषमणि पांडेय को पीएम आवास शहरी योजना के तहत 20 फरवरी 2017 को आवास स्वीकृत किया गया। इनका बेनीफिशियरी कोड 238021752612400059 है। इसके बाद इन्हें पीएम आवास ग्रामीण योजना में भी शामिल कर 3 जनवरी 2022 को PMAY-G आईडी MP 4954065 के तहत दूसरा आवास स्वीकृत कर दिया गया। दोनों योजनाओं में निर्माण पूर्ण और भुगतान जारी होना दर्ज है।

मामला नंबर-4: मैहर में भी दो योजनाओं से लाभ जनपद पंचायत मैहर की ग्राम पंचायत नादन निवासी हीरामणि को पीएम आवास शहरी योजना के तहत 31 अगस्त 2016 को आवास स्वीकृत हुआ। उनका बेनीफिशियरी कोड 238021791390500456 है। इसके बाद 13 मई 2017 को उन्हें पीएम आवास ग्रामीण योजना में PMAY-G आईडी MP 1821434 के तहत भी लाभ दे दिया गया। दोनों योजनाओं में आवास निर्माण पूर्ण और भुगतान जारी होने का रिकॉर्ड दर्ज है।

जिले में 12 मामलों में मिला दोहरा लाभ

पीएम आवास ग्रामीण और पीएम आवास शहरी के लाभार्थी डेटा के मिलान में सतना जिले के 12 ऐसे हितग्राही चिन्हित हुए हैं जिन्होंने दोनों योजनाओं से लाभ लिया। इनमें से 9 लाभार्थियों के दोनों आवास पूर्ण हो चुके हैं और वे दोनों योजनाओं की पूरी राशि प्राप्त कर चुके हैं। एक हितग्राही का ग्रामीण आवास पूरा हो चुका है जबकि शहरी आवास निर्माणाधीन है। वहीं दो हितग्राहियों के शहरी आवास पूर्ण हैं और ग्रामीण आवास निर्माण की स्थिति में हैं। इससे स्पष्ट होता है कि केवल तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि लाभार्थी चयन और सत्यापन प्रक्रिया में गंभीर चूक हुई है।

42 जिलों में फैला है फर्जीवाड़ा

मध्यप्रदेश में यह गड़बड़ी किसी एक जिले तक सीमित नहीं है। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के लगभग 42 जिलों में 708 दोहरे लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं। सबसे अधिक मामले इंदौर (89), सागर (68), धार (64), जबलपुर (47) और विदिशा (42) जिलों में सामने आए हैं।

सिस्टम की खामी या सुनियोजित मिलीभगत?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब दोनों योजनाओं में आधार नंबर, बैंक खाते, मोबाइल नंबर और पात्रता सत्यापन की बहुस्तरीय व्यवस्था लागू है, तब एक ही व्यक्ति दो अलग-अलग योजनाओं में पात्र कैसे घोषित हो गया? यदि आधार आधारित सत्यापन प्रभावी था तो दोहरी स्वीकृति संभव ही नहीं होनी चाहिए थी। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में या तो लाभार्थी ने जानबूझकर जानकारी छिपाई या फिर स्थानीय स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही अथवा मिलीभगत हुई। यही कारण है कि अब इन मामलों की जांच और वसूली की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही जा रही है।

ग्राम कानपुर तालाब जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ

नवभारत न्यूज

मझगवां 13 जून, क्षेत्र के जल संकट को ध्यान में रखते हुए 1996 में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के मार्गदर्शन में दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र, मझगवां, विकासखण्ड के 17 ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य जलग्रहण समितियों के माध्यम से प्रारम्भ किया गया था।

तैयार की गयी संरचनाओं के पुन: जीर्णोद्धार आज की आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए अभय महाजन, संगठन सचिव, एवं वसंत पण्डित, कोषाध्यक्ष, दीनदयाल शोध संस्थान के मार्गदर्शन में डॉ. नवीन कुमार शर्मा, दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र, मझगवां एवं अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आज जलग्रहण समिति, कानपुर में तालाब जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ किया गया जिसको देखकर गांव में आज खुशी का माहौल है और बार-बार राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को याद कर रहे हैं ।इस पहल से भू जल स्तर में सुधार के साथ-साथ कुएं, हैण्डपम्पों और खेती के लिए पर्याप्त जल की व्यवस्था होगी ।

विक्रम बने असिस्टेंट प्रोफेसर

अमरपाटन, शिक्षा किसी की मोहताज नहीं होती। और इसे साबित कर दिया मैहर जिले के एक छोटे से क्षेत्र के युवा ने ।मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा जारी असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में अमरपाटन रीवा रोड निवासी विक्रम पटेल पिता श्री रामखेलावन पटेल (एलआईसी वाले) भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर अमरपाटन क्षेत्र का नाम रोशन किया। विक्रम एक सामान्य परिवार से आते हैं जिनकी एमए तक की पूरी पढ़ाई अमरपाटन से ही हुई ।बचपन से ही पढ़ने में कुशल रहे विक्रम पटेल अपने जीवन काल के कठिन परिश्रम और मेहनत से कई परीक्षाओ को पास किया । मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भूगोल विषय के मुख्य परीक्षा के 800 में से 612 अंक प्राप्त किये । और साक्षात्कार के 100 में से 74 नम्बर प्राप्त कर मध्य प्रदेश में छठवीं रैंक प्राप्त की। विक्रम भाई पटेल 4 वर्ष भूगोल विषय में अतिथि विद्वान के रूप में सीधी और डिंडोरी में कार्यरत रहे। नवंबर 2021 में उच्च माध्यमिक शिक्षक बनकर संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन में अपनी सेवाएं देते रहे। विक्रम के इस सफलता पर माता-पिता विद्यालय प्राचार्य प्रहलाद द्विवेदी सहित समस्त स्वजनों ने शुभकामनाएं दी हैं।

मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के प्रयास से चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना

नवभारत न्यूज

मैहर 13 जून, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की पहल पर मैहर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में शासन द्वारा चिकित्सा अधिकारियों को पदस्थापना की गई है.

जिसमें डा आयुसी द्विवेदी वेदी सिविल अस्पताल मैहर, डा रोहित राय चौधरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भदनपुर, डा राज कुमार पांडेय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा एवं डा विवेक सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घुनवारा आदि प्रमुख हैं। जहां एक ओर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना कराई गई है, वहीं दूसरी ओर मैहर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन तथा नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए शासन को पत्र लिखकर प्रयास किया जा रहा है, आने वाले समय में चिकित्सा के क्षेत्र में और भी उल्लेखनीय कार्य किए जायेगे, जिसमें मैहर विधानसभा के आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

मार्कण्डेय में निषादराज की प्रतिमा स्थापित कराए जाने ज्ञापन सौंपा

समाज के सैकड़ों लोगों ने सांसद को दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

रामनगर 13 जून, निषादवंशी मांझी मछुआ केवट सिंगरहा सामाजिक संगठन, जिला इकाई मैहर/सतना म प्र ने सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह को ज्ञापन सौंपकर पावन तपोस्थली महर्षि मार्कण्डेय में भगवान राम के सखा एवं निषाद समाज के आराध्य महाराज निषादराज जी की भव्य प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग की है।

संगठन के जिला अध्यक्ष शिवप्रताप सिंगरहा ने कहा कि मार्कण्डेय तपोस्थली धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व का केंद्र है। उन्होंने बताया कि महाराज निषादराज जी त्याग, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं तथा उनकी प्रतिमा स्थापित होने से समाज को गौरव की अनुभूति होगी। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत और महापुरुषों से प्रेरणा मिलेगी। संगठन ने सांसद से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रतिमा स्थापना के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौपते बक्त जिला संयोजक प्रकाश चंद्र केवट, जिला कोषाध्यक्ष वंशगोपाल केवट, वरिष्ठ समाज सेवी इंद्रभान केवट, मोतीलाल सिंगरहा,विमल केवट रामस्वरूप सिंगरहा आदि सैकड़ों समाज के लोग शामिल रहे.

बाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

कोटर 13 जून, ग्राम महिदल में बाल्मीकी रामायण कथा का आयोजन किया गया। कथा की बैठकी दिनांक 7 जून एवं कथा विश्राम एवं पूर्णाहुति 16 जून को संपन्न हुई है।

कथा श्रोता अंबिका प्रसाद पाण्डेय एवं कथा व्यास जितेंद्र मणि त्रिपाठी (अविमुक्त क्षेत्र काशी) के द्वारा श्री राम की सुंदर कथा का रसास्वादन कराया गया। जिससे क्षेत्र में भक्ति मय माहौल रहा। कथा में प्रमुख रूप से रामशंकर पयासी, विद्याधर तिवारी, दया शंकर पाण्डेय, रामायण प्रसाद पाण्डेय, देवनारायण पाण्डेय, कमलाकांत सोहगौरा ,महेंद्र पाण्डेय (मुन्ना) नरेन्द्र पाण्डेय ,रामबेटा पाण्डेय ,उग्रसेन सोहगौरा ,हरिओम प्रकाश पाण्डेय ,इंजीनियर विकास पाण्डेय सहित काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर कथा का श्रवण किए।

दुराचार के मामले में आरोपी को 10 वर्ष कारावास की सजा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13जून,घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म करने के मामलें में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 31,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बीती आठ फरवरी 2023 को पीड़िता ने सरधुवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने बताया था कि आरोपी राहुल मिश्रा तीरधुमाई गंगू बालू घाट में काम करता था। घटना के समय पीड़िता के घर में परिवार के सदस्य नहीं थे। इस दौरान वह जबरन घर के अंदर घुस आया और उसके साथ दुराचार किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला जज अनुराग कुरील ने शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाया।

अमरपाटन में अवैध लकड़ी परिवहन पकड़ा गया

▸ ट्रक वनोपज सहित जब्त

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 13 जून, रामगढ़-ओबरा मुख्य मार्ग पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी परिवहन का मामला पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार बीट प्रभारी भीषमपुर, परिक्षेत्र सहायक अमरपाटन एवं अन्य वन अमले ने संयुक्त रूप से एक टाटा ट्रक को रोककर जांच की, जिसमें अर्जुन प्रजाति की लकड़ी लदी हुई थी। जांच के दौरान वाहन चालक दिनेश यादव, निवासी कैशालपुर (जिला सतना), द्वारा लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर वन विभाग ने ट्रक सहित पूरी वनोपज को जब्त कर लिया और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध कटाई और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुरुषोत्तम मास में एक माह का श्रीराम नाम अखंड संकीर्तन

हवन-पूजन के बाद होगा कन्या भोज

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13 जून, पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर गौरिहारमंदिर कामता चित्रकूट में आयोजित पूरे पुरुषोत्तम मलवास 1 माह के श्रीराम नाम अखंड संकीर्तन हवन.पूजन एवं कन्या भोज के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से समापन होगा।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के नाम का अखंड संकीर्तन लगभग आधा दर्जन ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है जिससे क्षेत्र की सुख.समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की खुशहाली होसमापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिदिन हवन.पूजन कराया जा रहा है जिसके पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धार्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैंकार्यक्रम की संयोजक गौरिहार मंदिर के महंत रूपनारायण दास महाराज उर्फ़ मुन्ना महाराज इस अवसर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे ।सनातन शोध संस्थान के महासचिव संदीप रिछारिया ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में भगवान श्रीराम के नाम का संकीर्तन हवन एवं सेवा कार्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के साथ.साथ भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज में सद्भाव संस्कार एवं धर्म जागरण का प्रभावी माध्यम बताया।

स्कूटी पर लदी थी 54 ली अवैध शराब

▸ दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

सतना 13 जून, बिना नंबर की स्कूटी पर सफेद रंग की बोरी में शराब के कार्टूनों को लादकर तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया।

रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखविर सूचना मिली कि ग्राम सेल्हना तरफ से दो ब्यक्ति एक स्कूटी में भारी मात्र मे अवैध शराब लेकर रामपुर बाघेलान तरफ लेकर जाने वाले है। सूचना पर रेड करने पर आरोपी विवेक शिवहरे पिता छोटे लाल शिवहरे उम्र 20 साल निवासी कर्पवाह एवं रोहित जायसवाल पिता शिव लखन जायसवाल उम्र 33 साल निवासी कर्पवाह थाना रामपुर बाघेलान की तलासी ली गई। इस दौरान कुल 54 लीटर शराब बरामद की गई । जिसकी कीमत 40500 रु आंकी गई। जिसे देखते हुए धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अवैध शराब एवं स्कूटी जप्त कर ली गई।

मेगा अपार दिवस के माध्यम से बच्चों के बनेंगे अपार आईडी

सतना 13 जून, जिला शिक्षा केन्द्र (समग्र शिक्षा अभियान) सतना द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से 06 जून से 30 जून 2026 तक प्रत्येक शनिवार को जिले के समस्त संकुल, जनशिक्षा केन्द्रों एवं विद्यालयों में मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत ऐसे सभी बच्चों की अपार आईडी बनाई जाएगी, जिनकी आईडी अभी तक तैयार नहीं हो सकी है।

मैहर के अमदरा पंचायत में जनकल्याण शिविर हुआ

1012 आवेदनों का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

मैहर 13 जून, मैहर जनपद अंतर्गत अमदरा पंचायत में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी उपस्थित रहे। शिविर में जनपद सदस्य मुरली गुप्ता, एसडीएम मैहर दिव्या पटेल, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, नायब तहसीलदार शिवभूषण सिंह, जनपद सीईओ अशोक कुमार तिवारी सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जनकल्याण शिविर के दौरान कुल 1012 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित मामलों का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा हितग्राहियों को खसरा-नक्शा वितरित किए गए। साथ ही आजीविका मिशन की दीदियों को सखी स्वावलंबन योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा चयनित हितग्राहियों को बकरी पालन एवं भैंस पालन के लिए स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया।

महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा खंडित के विरोध में धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13 जून, बांदा जुझौतखंड (वर्तमान बुंदेलखंड) के संस्थापक एवं प्रथम हिंदू राष्ट्र के संस्थापक महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव जी की प्रतिमा पिछले लगभग दो वर्षों से खंडित अवस्था में पड़ी है।

अनेक बार ज्ञापन, मांगपत्र एवं प्रशासन से आग्रह किए जाने के बावजूद प्रतिमा के पुनर्स्थापन तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई के संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिसके विरोध में आज 13 जून से समस्त खंगार समाज धरना प्रदर्शन के लिए मजबूरह गएमें वही समाज के लोगों पर गहरा रोष व्याप्त है आज़ाद क्रांति पार्टी एवं खंगार समाज ने स्पष्ट कहा है कि महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव जी का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाज अपनी अस्मिता सम्मान और इतिहास की रक्षा के लिए हर प्रकार का संघर्ष करने को तैयार है। इसी क्रम में आज व्यापक धरना-प्रदर्शन जारी रखा गया। खंगार समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रतिमा का सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापन एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन उग्र रूप होगा और व्यापक रूप जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सूरज सिंह खंगार राष्ट्रीय महासचिव रामकिशोर पाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश सिंह और पप्पू जिला अध्यक्ष बांदा कुलदीप सिंह खंगार जिला उपाध्यक्ष बांदा गंगा क्रांतिकारी मंडल कोषाध्यक्ष चित्रकूट मंडल बाल्मिक सचिन बंडा विधानसभा बांदा सदर जितेंद्र सिंहखंगार शाहिद हजारों की संख्या मे समाज के लोग उपस्थित रहे यह जानकारीराष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमर सिंह राठौर ने दी.